बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भेपाल

क्रमांक 1283 / अका. / सम्बद्धता / 08 भोपाल,दिनांकः 11.8.08

प्रति,

प्राचार्य,

आनन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन गवाहाऔर भोपाल.

विषय :– सत्र 2008– 2009 हेतु अस्थाई सम्बद्धता निरंतर करने विषयक ।

महोदय,

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के पत्र क्रमांक 9855 दिनांक 28-10-06 मान्यता के आधार पर विद्वत परिषद की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 25/6/08 एवं कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 30/6/08 में लिये गये निर्णयानुसार आपके महाविद्यालय को बी0एड0 पाठ्यक्रम में अस्थाई सम्बद्वता 100 छात्र संख्या हेतु सत्र 2008–.09 में निम्न शर्तो के साथ निरंतर की जाती है ।

शर्तें :–

(1) आपको अस्थाई सम्बद्धता निरंतर हेतु आगामी सत्र 2009–2010 के लिये निर्धारित शुल्क एवं निर्धारित आवेदन पर आवेदन करना होगा ।

(2) आपको विश्वविद्यालय परिनियम 27 एवं 28 एवं परीक्षा अध्यादेश क्र0 5,6,7 का पालन करना होगा, जिसे आप विश्वविद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं ।

(3) आपके शिक्षकों की नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के नियमों के अनुसार रिक्त पदों पर कालेज कोड 28 के तहत 30 अक्टूबर 08 तक करनी होगी।

(4) महाविद्यालय का आय व्यय पत्रक चार्टर्ड एकाउंटेंट से सत्यापित करवाकर प्रस्तुत करना होगा ।

(5) आपको शासी निकाय का गठन कर नियमित बैठकों का आयोजन विवरण सहित विश्वविद्यालय को भेजना होगा।

(6) जिन महाविद्यालय को तीन वर्ष या उससे अधिक हो चुके है वे स्वयं का भवन संबंधी अभिलेख 30 अक्टूबर 08 तक प्रस्तुत करें , अन्यथा प्रदत्त अस्थाई सम्बद्वता स्वतः समाप्त मानी जायेगी ।

(7) उपरोक्त शर्तें पूर्ण न होने पर सम्बद्धता निरस्त की जा सकेगी।

आदेशानुसार,

उप– कुलसचिव (अकादमी)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

पृ0 क्रमांक 1284 /अका. / सम्बद्धता / 08 भोपाल,दिनांकः 11.8.08

प्रतिलिपि :–

1– अतिरिक्त संचालक,आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग,सतपुड़ा भवन, भोपाल ।

2– अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल ।

3– क्षेत्रीय संचालक राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद मानस भवन श्यामला हिल्स भोपाल ।

4– उप–कुलसचिव(परीक्षा / गोपनीय) शाखा, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल ।

5– कुलपति / कुलसचिव के निजी सहायक,संचालक,शारी.शिक्षा,अधि.छा.क.,समन्वयकरा.से.यो.,बरकतउल्ला वि.वि.भोपाल

सहा0 – कुलसचिव (अकादमी)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

D:\jagram\Jhaji-09.doc